भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1922
दिनांक 03 मार्च, 2020 के लिए प्रश्न

'बायोफ्लॉक मत्स्यपालन'

1922. श्री निशीथ प्रामाणिकः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बायोफ्लॉक मत्स्यपालन को बढ़ावा दे रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पश्चिम बंगाल और विशेषकर कूचबिहार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बायोफ्लॉक मत्स्यपालन को बढ़ावा देने संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री
(श्री प्रताप चन्द्र सारंगी)

(क) और (ख) : बायोफ्लॉक मछलीपालन उन्नत जलीय कृषि प्रौद्योगिकिओं में से एक है और सरकार जहां भी संभव है वहां मछली उत्पादन को बढ़ाने के लिए इस तकनीक को बढ़ावा दे रही है। यह नीली क्रांति योजना के तहत मांग से प्रेरित एक अभिनव घटक है और इसलिए , बायोफ्लॉक मछलीपालन के लिए सब्सिडी सहायता पर संबंधित राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर विचार किया जाता है। रिकॉर्ड के अनुसार, कूच बिहार संसदीय क्षेत्र से बायोफ्लॉक मछली पालन का कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

(ग) : प्रश्न ही नहीं उठता।

*****